collegebatch.com

Series E1GFH/5

*Set No. 3*

प्रश्न-पत्र कोड **29/5/3**

*अनुक्रमांक :*

*परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।*

# हिन्दी (ऐच्छिक)

# HINDI (Elective)

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* *अधिकतम अंक : 80*

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **14** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक परीक्षार्थी केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

collegebatch.com

**सामान्य निर्देश :**

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका अनुपालन कीजिए :

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में प्रश्नों की संख्या 14 है । सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(ii)* *इस प्रश्न-पत्र में **दो** खंड हैं – **खंड-'अ'** और **'ब'** । **खण्ड-'अ'** में 48 बहुविकल्पी वस्तुपरक उपप्रश्न पूछे गए हैं । दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 उपप्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(iii)* ***खण्ड-'ब'** में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं ।*

*(iv)* *प्रश्नों के उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए ।*

*(v)* *यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए ।*

## खंड – अ

## (बहुविकल्पी वस्तुपरक प्रश्न)

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **10 × 1 = 10**

मनुष्य अपने भविष्य के बारे में चिंतित है । सभ्यता की अग्रगति के साथ ही चिंताजनक अवस्था उत्पन्न होती जा रही है । इस व्यावसायिक युग में उत्पादन की होड़ लगी हुई है । कुछ देश विकसित कहे जाते हैं, कुछ विकासोन्मुख । विकसित देश वे हैं जहाँ आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग हो रहा है । ऐसे देश नाना प्रकार की सामग्री का उत्पादन करते हैं और उस सामग्री की खपत के लिए बाजार ढूँढ़ते रहते हैं । अत्यधिक उत्पादन क्षमता के कारण ही यह देश विकसित और अमीर हैं । विकासोन्मुख गरीब देश उनके समान ही उत्पादन करने की आकांक्षा रखते हैं और आधुनिक तरीकों की जानकारी प्राप्त कर उत्पादन क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं । इसका परिणाम यह हुआ है कि सारे संसार में उन वायुमंडल प्रदूषण-यंत्रों की भीड़ बढ़ने लगी है जो विकास के लिए परम आवश्यक माने जाते हैं । इन विकास वाहक उपकरणों ने अनेक प्रकार की समस्याएँ उत्पन्न कर दी हैं । वायुमंडल ऐसी विषाक्त गैसों से भर रहा है जिससे पर्यावरण दूषित होता जा रहा है और वनस्पतियों तक के अस्तित्व का संकट उत्पन्न हो गया है ।

अपने बढ़ते उत्पादन को खपाने के लिए हर शक्तिशाली देश अपना प्रभाव क्षेत्र बढ़ा रहा है और आपसी प्रतिद्वंद्विता इतनी बढ़ गई है कि सभी ने मारणास्त्रों का विशाल भंडार बना रखा है । विज्ञान और तकनीकों के विकास से अनुभवों की अनेक संहारकारी किस्मों का आविष्कार हुआ है । एक बार जहाँ मनुष्य की बुद्धि ने धरती को मानव-शून्य बनाने के लिए भयंकर मारक अस्त्र तैयार कर दिए हैं, वहीं दूसरी ओर इस भावी मानव विनाश की आशंका से उसका एक समझदार समुदाय आतंकित हो गया है, कि न जाने किस दिन संसार इस विनाशलीला का शिकार हो जाए ।

collegebatch.com

यह विशेष रूप से ध्यान देने की बात है कि सिर्फ मनुष्य ही है जो अपने भविष्य के बारे में चिंतित है । यह सभी जानते हैं कि आधुनिक विज्ञान और तकनीक ने मनुष्य को बहुत कुछ दिया है । उसी की कृपा से संसार के मनुष्य एक दूसरे के निकट आए हैं । अनेक पुराने संस्कार जो गलत-फहमी पैदा करते थे नष्ट होते जा रहे हैं । मनुष्य को नीरोग, दीर्घजीवी और सुसंस्कृत बनाने के अनगिनत साधन बढ़े हैं, फिर भी मनुष्य चिंतित है । जो अंधाधुंध प्रकृति के मूल्यवान भंडारों की लूट मचाकर आराम और संपन्नता प्राप्त कर रहे हैं, वे बहुत परेशान नहीं हैं । वे यथास्थिति बनाए रखना चाहते हैं और यदि संभव हो तो अपनी व्यक्तिगत, परिवारगत और जातिगत संपन्नता अधिक से अधिक बढ़ा लेने के लिए परिश्रम भी कर रहे हैं । ऐसे सुखी लोग 'मनुष्य का भविष्य' जैसी बातों के कारण परेशान नहीं हैं । पर जो लोग अधिक संवेदनशील हैं और मनुष्य जाति को महानाश की ओर बढ़ते देखकर विचलित हो उठते हैं, वे ही परेशान हैं ।

(i) विकसित देश आप किसे मानते हैं ? **1**

(a) जो आधुनिक तकनीक का पूर्ण उपयोग करते हैं ।

(b) जो उत्पादन क्षमता बढ़ाने का स्वप्न देखते हैं ।

(c) जो आधुनिकता में विश्वास रखते हैं ।

(d) जो आधुनिक तरीकों की जानकारी रखते हैं ।

(ii) संसार में वायुमंडल प्रदूषण के यंत्र क्यों बढ़ते जा रहे हैं ? **1**

(a) व्यावसायिक युग के लिए (b) विकास के लिए

(c) प्रदूषण के लिए (d) महानाश के लिए

(iii) मारक अस्त्रों के भंडार का दिन-प्रतिदिन बढ़ने का कारण है – **1**

(a) राष्ट्र की सुरक्षा करना (b) अस्त्रों की संख्या बढ़ाना

(c) अपना प्रभुत्व स्थापित करना (d) परस्पर प्रतिद्वन्द्विता का बढ़ना

(iv) पुराने संस्कारों के परिमार्जन के क्या कारण हैं ? **1**

(a) आधुनिक विज्ञान (b) तकनीकी विकास

(c) केवल (a) (d) (a) और (b) दोनों

collegebatch.com

(v) किस प्रकार के लोग मानव जाति के भावी विनाश को लेकर आशंकित हैं ? **1**

(a) संपन्न लोग (b) संवेदनशील लोग

(c) सुसंस्कृत लोग (d) सभ्य लोग

(vi) आप किस प्रकार के लोगों को विवेकी नहीं मानते हैं ? **1**

(a) प्रकृति का दोहन करने वाले (b) विनाश से विचलित होने वाले

(c) सुविधा सम्पन्न जीवन जीने वाले (d) विकासोन्मुख देशों में रहने वाले

(vii) मारक अस्त्रों के युद्ध क्षेत्र में प्रयोग करने का क्या परिणाम होगा ? **1**

(a) युद्ध में जीत (b) शत्रु का विनाश

(c) पृथ्वी जीवन शून्य (d) शक्तिशाली देशों का प्रभाव

(viii) मनुष्य को किस प्रकार का प्राणी बताया गया है ? **1**

(a) वर्तमान में जीने वाला

(b) भूतकाल में रहने वाला

(c) भूत–भविष्य की चिंता करने वाला

(d) भविष्य की चिंता करने वाला

(ix) वनस्पतियों के अस्तित्व पर संकट आने का क्या कारण है ? **1**

(a) विषाक्त गैस (b) अत्यधिक स्वच्छता

(c) खेती के उपकरण (d) उत्पादन की क्षमता का बढ़ना

collegebatch.com

(x) निम्नलिखित कथन–कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए : **1**

**कथन (A)** : भावी महाविनाश की आशंका से मानव समुदाय आतंकित है ।

**कारण (R)** : मनुष्य ने अपने बौद्धिक बल से अनेक मारक अस्त्र तैयार कर लिए हैं ।

(a) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण कथन की सही व्याख्या करता है ।

(b) कथन (A) गलत है, लेकिन कारण (R) सही है ।

(c) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) गलत है ।

(d) कथन (A) सही है, लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है ।

2. नीचे दो अपठित काव्यांश दिए गए हैं, किसी एक काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **8 × 1 = 8**

(क) दिवसावसान का समय
मेघमय आसमान से उतर रही है
वह संध्या–सुंदरी परी–सी
तिमिरांचल में चंचलता का नहीं कहीं आभास
मधुर–मधुर हैं दोनों उसके अधर
किंतु गंभीर नहीं है उनमें हास–विलास
हँसता है तो केवल तारा एक
गूँथा हुआ उन घुँघराले काले बालों से
हृदय राज्य की रानी का करता है अभिषेक ।
अलसता की सी लता
किन्तु कोमलता की वह कली
सखी नीरवता के कंधे पर डाले बाँह
छाँह सी अंबर–पथ से चली ।
नहीं बजती उसके हाथ में कोई वीणा,
नहीं होता कोई अनुराग–राग–आलाप
नूपुरों में भी रुन–झुन रुन–झुन नहीं,
सिर्फ एक अव्यक्त शब्द सा चुप–चुप–चुप
है गूँज रहा सब कहीं –
व्योम मंडल में, जगतीतल में –

collegebatch.com

(i) प्रस्तुत काव्यांश की विषयवस्तु आधारित है **1**

(a) संध्या समय पर (b) जीवन की कोमलता पर

(c) नायिका के आचार पर (d) शाम के सन्नाटे पर

(ii) 'मेघमय आसमान से उतर रही है वह संध्या-सुंदरी' – पंक्ति में प्रमुख अलंकार है **1**

(a) अनुप्रास (b) उत्प्रेक्षा

(c) मानवीकरण (d) उपमा

(iii) तिमिरांचल में चंचलता का आभास नहीं होने से यह पता चलता है कि **1**

(a) हवा नहीं चल रही है। (b) वातावरण शांत है।

(c) शाम में सब चुप होते हैं। (d) चारों ओर अँधेरा है।

(iv) 'दिवसावसान का समय' पंक्ति के संदर्भ में 'अवसान' शब्द का अर्थ है **1**

(a) शाम होना (b) नष्ट होना

(c) समाप्त होना (d) आरंभ होना

(v) अगर संध्या-सुंदरी को स्वतंत्रता आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो आप संध्या को किस रूप में समझेंगे ? **1**

(a) नायिका (b) क्रांतिकारी

(c) भारतमाता (d) भारतवासी

(vi) गूँथे काले बालों में एक तारा मुस्कुरा रहा था, यहाँ 'तारा' किस बात का प्रतीक है ? **1**

(a) उम्मीद (b) सत्य

(c) साहस (d) परिश्रम

(vii) आलस्य की लताओं से किसकी तुलना की गई है ? **1**

(a) कोमलता (b) संध्या

(c) अँधेरा (d) बेलें

collegebatch.com

(viii) 'संध्या' आकाश मार्ग से किस प्रकार पृथ्वी पर आ रही है ? **1**

(a) गीत गाते हुए (b) वीणा बजाते हुए

(c) अनुराग के साथ (d) चुपचाप से

**अथवा**

(ख) थका-हारा सोचता मन-सोचता मन ।
उलझती ही जा रही है एक उलझन ।
अँधेरे में अँधेरे से कब तलक लड़ते रहें
सामने जो दिख रहा है, वह सच्चाई भी कहें
भीड़ अंधों की खड़ी उपहार पाती
अँधेरों के इशारों पर नाचती-गाती ।
थका-हारा सोचता मन-सोचता मन ।
भूखी प्यासी कानाफूसी दे उठी दस्तक
अंधा बन जा झुका दे तम द्वार पर मस्तक
उपहारों की बाँट में तू भी उपहार बन जा
तिमिर के दरबार में दरबान सा तन जा
थका हारा, उठा गर्दन – जूझता मन
दूर उलझन । दूर उलझन । दूर उलझन ।
चल खड़ा हो पैर में यदि लग गई ठोकर
खड़ा हो सत्य के संघर्ष में क्यों रोशनी हारे ।
देखते ही देखते तम तोड़ता है दम
और सूरज की तरह हम ठोंकते हैं खम

(i) थके हारे मन की उलझन का कारण क्या है ? **1**

(a) अपने को अकेला पाना

(b) निराशापूर्ण समय में घिर जाना

(c) जीवन से निराश होना

(d) कठिनाइयों से निकलने का मार्ग नहीं सूझना

collegebatch.com

(ii) कवि को सामने जो दिख रहा है उसे सच्चाई मानने में हिचक क्यों हो रही है ? **1**

(a) पूर्वाग्रह के कारण (b) भ्रम में जीने से
(c) यथार्थ से परिचित होने से (d) सच्चाई को स्वीकार नहीं करने से

(iii) अँधेरों में अंधों की भीड़ क्यों खुश थी ? **1**

(a) उपहार पाने से (b) स्वार्थ पूर्ति से
(c) अनभिज्ञ रहने से (d) चुगली करने से

(iv) 'उपहार पाने' से क्या अभिप्राय है ? **1**

(a) अतिरिक्त लाभ (b) मीठा खाना
(c) लाभ कमाना (d) स्वार्थ सिद्ध होना

(v) तिमिर के दरबार में आप दरबान किसे मानते हैं ? **1**

(a) आम लोग (b) पहरेदार
(c) सत्ता में शरीक लोग (d) सत्ताधारी वर्ग

(vi) सूरज से किसकी तुलना की गई है ? **1**

(a) व्यक्ति की (b) समाज की
(c) सत्ताधारी वर्ग की (d) मनुष्य की

(vii) 'अँधेरे में अँधेरे से' पंक्ति में 'अँधेरे से' का तात्पर्य है – **1**

(a) अस्पष्टता (b) अन्याय
(c) खुशी (d) रात

(viii) 'सत्य के संघर्ष में क्यों रोशनी हारे' – पंक्ति में रोशनी प्रतीक है ? **1**

(a) सत्य (b) प्रकाश
(c) उजाला (d) उम्मीद

collegebatch.com

3. निम्नलिखित प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

(i) 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए । **1**

(क) सूरदास प्रतिशोध में विश्वास नहीं रखता था ।

(ख) सूरदास पुनर्निर्माण में विश्वास रखता था ।

(ग) सूरदास ने जगधर की पत्नी की मदद की थी ।

(घ) सूरदास की भैरों से दुश्मनी थी ।

इन कथनों में से कौन-सा/से कथन गलत है/हैं ?

(a) केवल (क) (b) (क) और (ख) दोनों

(c) (ग) और (घ) दोनों (d) केवल (घ)

(ii) 'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ में 'उजाड़ की अपसभ्यता' किसे कहा गया है ? **1**

(a) आधुनिक सभ्यता को (b) वैज्ञानिक दृष्टिकोण को

(c) पारंपरिक दृष्टिकोण को (d) औद्योगिक सभ्यता को

(iii) 'देवी का फूल' किस फूल को माना जाता था ? **1**

(a) नीम के (b) गुड़हल के

(c) बेर के (d) सिंघाड़े की

(iv) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ किस शैली में लिखा गया है ? **1**

(a) आत्मकथात्मक शैली (b) वर्णनात्मक शैली

(c) कथात्मक शैली (d) विवरणात्मक शैली

(v) सूरदास के चरित्र से हमें क्या सीखने का अवसर मिलता है ? **1**

(a) धन-संग्रह (b) सहयोग

(c) चुप रहना (d) दृढ़ता

4. निम्नलिखित प्रश्नों के लिए सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **5 × 1 = 5**

(i) 'टी. राजीव के खेल संबंधी समाचार पर प्रश्न खड़ा करना उचित नहीं है ।' इस कथन से पता चलता है कि वे एक – **1**

(a) संवाददाता हैं । (b) फ्रीलांसर हैं ।

(c) विशेष संवाददाता हैं । (d) उपसंपादक हैं ।

(ii) उलटा पिरामिड शैली में लिखे जाने वाले लेख को क्या कहते हैं ? **1**

(a) समाचार (b) आलेख

(c) लेख (d) फीचर

(iii) इंटरनेट पत्रकारिता की बढ़ती लोकप्रियता का कारण इनमें से नहीं है – **1**

(a) दृश्य और प्रिंट माध्यम की खूबियाँ एक साथ होने के कारण

(b) खबरों की तीव्रता के कारण

(c) संचार का आधुनिक साधन होने के कारण

(d) युवाओं की रुचि के कारण

(iv) सार्वजनिक तौर पर उपलब्ध साक्ष्यों की गहरी छानबीन करना विशेष रिपोर्ट के किस अंश के अंतर्गत आता है ? **1**

(a) खोजी रिपोर्ट (b) विश्लेषणात्मक रिपोर्ट

(c) विवरणात्मक रिपोर्ट (d) इन–डेप्थ रिपोर्ट

(v) लेखक के वैचारिक रुझान के अन्तर्गत लिखे जाने वाले कॉलम को कहते हैं **1**

(a) संपादकीय लेखन (b) फीचर लेखन

(c) आलेख लेखन (d) स्तंभ लेखन

collegebatch.com

5. निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गये प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **6 × 1 = 6**

यह दीप अकेला स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो ।
यह जन है – गाता गीत जिन्हें फिर और कौन गाएगा ?
पनडुब्बा – ये मोती सच्चे फिर कौन कृती लाएगा ?
यह समिधा – ऐसी आग हठीला बिरला सुलगाएगा ।
यह अद्वितीय – यह मेरा – यह मैं स्वयं विसर्जित –
यह दीप, अकेला, स्नेह भरा
है गर्व भरा मदमाता, पर इसको भी पंक्ति को दे दो ।
यह मधु है – स्वयं काल की मौना का युग-संचय,
यह गोरस-जीवन-कामधेनु का अमृत-पूत पय
यह अंकुर-फोड़ धरा को रवि को तकता निर्भय,
यह प्रकृत, स्वयंभू, ब्रह्म, अयुतः इसको भी
शक्ति को दे दो ।

(i) 'दीप' किसका प्रतीक है ? **1**

(a) व्यक्ति (b) समाज
(c) प्रकाश (d) परिवार

(ii) 'पंक्ति' किसका प्रतीक है ? **1**

(a) कतार (b) समष्टि
(c) व्यष्टि (d) अहंकार

(iii) पनडुब्बा से आप क्या समझते हैं ? **1**

(a) पानी में चलने वाली नाव (b) पानी पर तैरने वाले पक्षी
(c) गोताखोर (d) बड़ी मछली

(iv) 'दीप का पंक्ति में विलय' का भाव है – **1**

(a) दीप की सत्ता का सार्वभौमीकरण ।
(b) दीप के अहंकार के मद को दूर करना ।
(c) दीप को पंक्ति में स्थान देना ।
(d) दीप के एकाकीपन को दूर करना ।

collegebatch.com

(v) निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए : **1**

(क) दीप जीवन रूपी कामधेनु द्वारा प्रदत्त अमृत-तुल्य पवित्र दूध के समान है ।

(ख) दीप कठिन से कठिन परिस्थितियों पर विजय पा आगे बढ़ने की क्षमता रखता है ।

(ग) समाज दीप की प्रशंसा में सुंदर-सुंदर गीतों की रचना करता है ।

इन कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं

(a) केवल (क) (b) केवल (ख)

(c) (क) और (ख) (d) (क) और (ग)

(vi) काव्यांश के आधार पर 'समिधा' शब्द का अर्थ हो सकता है – **1**

(a) हवन की सामग्री (b) आग जलाने की सामग्री

(c) क्रांति की अग्नि (d) क्रांतिकारी विचार

6. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए : **6 × 1 = 6**

एक मिल मालिक के दिमाग में अजीब-अजीब खयाल आया करते थे जैसे सारा संसार मिल हो जाएगा, सारे लोग मजदूर और वह उनका मालिक या मिल में और चीजों की तरह आदमी भी बनने लगेंगे, तब मजदूरी भी नहीं देनी पड़ेगी, वगैरा-वगैरा । एक दिन उसके दिमाग में खयाल आया कि अगर मज़दूरों के चार हाथ हों तो काम कितनी तेज़ी से हो और मुनाफ़ा कितना ज़्यादा । लेकिन यह काम करेगा कौन ? उसने सोचा, वैज्ञानिक करेंगे, ये हैं किस मर्ज़ की दवा । उसने यह काम करने के लिए बड़े वैज्ञानिकों को मोटी तनख्वाहों पर नौकर रखा और वे नौकर हो गए । कई साल तक शोध और प्रयोग करने के बाद वैज्ञानिकों ने कहा कि ऐसा असंभव है कि आदमी के चार हाथ हो जाएँ ।

(i) मिल मालिक के दिमाग में अजीब-अजीब ख्याल क्यों आया करते थे ? **1**

(a) उत्पादन बढ़ाने के लिए

(b) अपना कारोबार बढ़ाने के लिए

(c) अत्यधिक मुनाफा कमाने के लिए

(d) मजदूरी बचाने के लिए

(ii) गद्यांश पढ़कर मिल मालिक के बारे में यह कहा जा सकता है कि **1**

(a) वह दयालु था । (b) वह चिंतनशील था ।

(c) वह संवेदनहीन था । (d) वह मुनाफाखोर था ।

collegebatch.com

(iii) 'वैज्ञानिकों का नौकर हो जाना' – कथन से यह निष्कर्ष निकलता है कि – **1**

(a) वे मिल मालिक की दया पर निर्भर हो गए ।

(b) वे गुलाम हो गए ।

(c) वे स्वतंत्र शोध से वंचित हो गए ।

(d) वे अब वैज्ञानिक नहीं रहे ।

(iv) 'मजदूरों के चार हाथ होने की बात मिल मालिक के दिमाग में आने का' अर्थ है कि – **1**

(a) वह मजदूरों का शोषण चाहता है ।

(b) वह अधिक उत्पादन चाहता है ।

(c) वह अनुसंधान करना चाहता है ।

(d) वह कम समय में अधिक काम करना चाहता है ।

(v) इस गद्यांश से पूँजीपतियों के किस रूप का पर्दाफाश हो रहा है ? **1**

(a) शोषक (b) शोषण

(c) शोषित (d) स्वार्थी

(vi) यह गद्यांश किस लघुकथा का अंश है ? **1**

(a) शेर (b) पहचान

(c) चार हाथ (d) साझा

## खंड – ब
## (वर्णनात्मक प्रश्न)

7. निम्नलिखित दिए गए तीन शीर्षकों में से किसी **एक** शीर्षक पर लगभग **120** शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए – **1 × 5 = 5**

(क) ऑनलाइन खरीददारी : समय की आवश्यकता

(ख) स्कूल के वार्षिकोत्सव में मेरी भूमिका

(ग) ई–रिक्शा की सवारी का आनंद

8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए – **2 × 3 = 6**

(क) समाचार–लेखन की शैली को स्पष्ट कीजिए ।

(ख) फीचर–लेखन की प्रचलित शैली कौन–सी है ? फीचर की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

collegebatch.com

9. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **2 × 3 = 6**

(क) 'कविता के मूल में संवेदना है', कैसे ? स्पष्ट कीजिए ।

(ख) नाटक के मंच निर्देश हमेशा वर्तमान काल में ही संयोजित क्यों होते हैं ?

(ग) कथानक कहानी का एक प्रारंभिक नक्शा क्यों होता है ?

10. निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में दीजिए – **2 × 2 = 4**

(क) 'बारहमासा' पाठ के आधार पर पूस मास में रानी नागमती की विरह वेदना का वर्णन कीजिए ।

(ख) 'सरोज स्मृति' कविता का प्रतिपाद्य लिखिए ।

(ग) 'देवसेना का गीत' कविता से हमें क्या सीख मिलती है ?

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 × 6 = 6**

(क) लागेउ माँह परै अब पाला । बिरहा काल भएउ जड़काला ।
पहल पहल तन रुई जो झाँपै । हहलि हहलि अधिकौ हिय काँपै ।
आई सूर होइ तपु रे नाहाँ । तेहि बिनु जाड़ न छूटै माहाँ ।
एहि मास उपजै रस मूलू । तूँ सो भँवर मोर जोबन फूलू ।।

**अथवा**

(ख) और यह कैलेंडर से मालूम था
अमुक दिन अमुक बार मदनमहीने की होवेगी पंचमी
दफ़्तर में छुट्टी थी – यह था प्रमाण
और कविताएँ पढ़ते रहने से यह पता था
कि दहर–दहर दहकेंगे कहीं ढाक के जंगल
आम बौर आवेंगे

collegebatch.com

12. निम्नलिखित **तीन** प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40** शब्दों में लिखिए : **2 × 2 = 4**

(क) 'पहचान' लघु निबंध के आधार पर लिखिए कि राजा ने अपने राज्य के लोगों को आँख, कान और मुँह बंद करके काम करने का आदेश क्यों दिया होगा ।

(ख) 'जहाँ कोई वापसी नहीं' पाठ से ली गई पंक्ति 'कभी-कभी किसी इलाके की संपदा ही उसका अभिशाप बन जाती है' – का आशय स्पष्ट कीजिए ।

(ग) 'संभव ने भी पूरी श्रद्धा के साथ मनोकामना की गाँठ लगाई, सिर झुकाया, नैवेद्य चढ़ाया और वहाँ से बाहर आ गया' – कथन का भाव 'दूसरा देवदास' पाठ के संदर्भ में स्पष्ट कीजिए ।

13. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर सप्रसंग व्याख्या कीजिए : **1 × 6 = 6**

दुरंत जीवन शक्ति है । कठिन उपदेश है । जीना भी एक कला है । लेकिन कला ही नहीं, तपस्या है । जियो तो प्राण डाल दो जिंदगी में, मन डाल दो जीवनरस के उपकरणों में ! ठीक है । लेकिन क्यों, क्या जीने के लिए जीना ही बड़ी बात है ? सारा संसार तो अपने मतलब के लिए ही जी रहा है ।

14. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लगभग **60** शब्दों में लिखिए : **1 × 3 = 3**

(क) 'जब तक उसे रोते न देखूँगा, यह काँटा न निकलेगा' – इस कथन के संदर्भ में भैरों का चरित्र-चित्रण 'सूरदास की झोंपड़ी' पाठ के आधार पर कीजिए ।

(ख) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ के कथन 'बिसनाथ दूध कटहा हो गए' का अर्थ स्पष्ट करते हुए बिसनाथ के दूध कटहा होने का कारण लिखिए ।

---

collegebatch.com